भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 500**
28 नवम्बर, 2024 को उत्तर देने के लिए

**प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना**

**500. श्री बैन्नी बेहनन:**
**डॉ. अमर सिंह:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के आरंभ से अब तक स्थापित मेगा फूड पार्कों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
**(ख)** मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए बजटीय परिव्यय और व्यय का ब्यौरा क्या है;
**(ग)** क्या सरकार ने उक्त योजना के परिणामों का मूल्यांकन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
**(घ)** सरकार पीएमकेएसवाई परियोजनाओं की प्रभावकारिता की निगरानी करती है तथा निधियों का कुशल उपयोग किस प्रकार सुनिश्चित करती है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की एक घटक योजना मेगा फूड पार्क के तहत देश भर में 41 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मेगा फूड पार्क योजना 01.04.2021 से बंद कर दी गई है। देश भर में मेगा फूड पार्क योजना की शुरुआत अर्थात 2008 से स्वीकृत मेगा फूड पार्कों का विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है ।

**(ख):** मेगा फूड पार्क योजना के लिए बजटीय परिव्यय और व्यय का विवरण **अनुबंध II** में दिया गया है।

**(ग):** मंत्रालय ने मेसर्स केपीएमजी एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से मेगा फूड पार्क (एमएफपी) योजना के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए एक तृतीय पक्ष अध्ययन कराया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह भी उल्लेख किया गया है कि एमएफपी में सृजित की गई प्रसंस्करण सुविधाओं और अपनाए गए खरीद मॉडल के परिणामस्वरूप कृषि और बागवानी तथा अन्य शीघ्र खराब होने वाले उत्पादों के फसलोत्तर नुकसान (पीएचएल) में 1 से 3% तक की कमी आई है।

मेगा फूड पार्क योजना के तहत, एमएफपी की परिधि में प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्रों और केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण/परिसंरक्षण इकाइयों के लिए आधुनिक सामान्य अवसंरचना सुविधाएं सृजित करने के लिए न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर खाद्य प्रसंस्करण/परिसंरक्षण पार्क स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना 2008-09 से चल रही है और इसके लिए कम से कम 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है, जो पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में अक्सर एक बाधा होती है। योजना का आकलन/प्रभाव मूल्यांकन 2012, 2014 और 2015 में नियमित रूप से किया जा रहा था और अंतिम आकलन 2020 में किया गया था। कई राज्य सरकारों और 12वें वित्त आयोग के तहत गठित कार्य समूह की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, 10 एकड़ के अपेक्षाकृत छोटे भौगोलिक क्षेत्र में सामान्य बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए पीएमकेएसवाई के तहत कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) की एक नई योजना शुरू की गई थी तदनुसार मेगा फूड पार्क योजना 01.04.2021 से बंद कर दी गई है।

**(घ):** पीएमकेएसवाई एक मांग आधारित योजना है और निधि की उपलब्धता के आधार पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। मंत्रालय आवधिक तौर पर पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करता है। प्रस्तुत दस्तावेजों के सत्यापन और वित्तीय प्रगति के अनुरूप भौतिक प्रगति को सत्यापित करने के लिए इकाई के निरीक्षण के बाद परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों को अनुदान सहायता /सब्सिडी जारी की जाती है।

*****

**अनुबंध- I**

**दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को उत्तर हेतु “प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 500 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्र. सं. | एसपीवी/आईए का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | जिले का नाम | अंतिम स्वीकृति की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | स्वीकृत की गई अनुदान राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई अनुदान राशि (करोड़ रुपए में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीनि फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | चित्तूर | 30-मार्च-2009 | 121.1 | 49.92 | 49.92 | परिचालित |
| 2 | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | पश्चिमी गोदावरी | 16-दिसंबर-2013 | 122.6 | 50.00 | 44.53 | परिचालित |
| 3 | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) | आंध्र प्रदेश | कृष्ण | 31-दिसंबर-2015 | 112.94 | 50.00 | 37.69 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 4 | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | अरुणाचल प्रदेश | पापुम पारे | 12-सितम्बर-2019 | 73.02 | 43.25 | 12.02 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 5 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड | असम | नलबाड़ी | 30-मार्च-2009 | 84.96 | 48.84 | 48.84 | परिचालित |
| 6 | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) | बिहार | मुजफ्फरपुर | 7-अप्रैल-2022 | 180.57 | 45.4 | 12.25 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 7 | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | बिहार | खगरिया | 6 अगस्त 2014 | 120.13 | 41.9 | 34.8 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 8 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | छत्तीसगढ | रायपुर | 4-जून-2014 | 96.58 | 43.96 | 39.57 | परिचालित |
| 9 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | सूरत | 22-मई-2014 | 121.86 | 50.00 | 45.00 | परिचालित |
| 10 | फणीधर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | मेहसाणा | 16-अगस्त-2017 | 151.05 | 50.00 | 37.67 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 11 | हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) | हरियाणा | रोहतक | 21-फरवरी-2018 | 179.75 | 50.00 | 28.70 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) | हरियाणा | सोनीपत | 6-नवंबर-2015 | 155.58 | 44.94 | 33.85 | परिचालित |
| 13 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | हिमाचल प्रदेश | ऊना | 6 अगस्त 2014 | 107.34 | 50.00 | 45.00 | परिचालित |
| 14 | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | जम्मू और कश्मीर | पुलवामा | 19-फरवरी-2014 | 79.43 | 50.00 | 29.09 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 15 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | कर्नाटक | तुमकुर | 29-मार्च-2011 | 144.33 | 48.72 | 48.72 | परिचालित |
| 16 | फेवोरिच इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक | मंड्या | 19-दिसंबर-2017 | 113.83 | 50 | 37.57 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 17 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा) | केरल | पलक्कड़ | 27-नवंबर-2015 | 105.39 | 50.00 | 50.00 | परिचालित |
| 18 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी) | केरल | अलपुझा | 27-नवंबर-2015 | 129.15 | 50.00 | 38.90 | परिचालित |
| 19 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | खरगोन | 27 अगस्त 2012 | 131.28 | 49.37 | 49.37 | परिचालित |
| 20 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | देवास | 31-दिसंबर-2015 | 146.07 | 50.00 | 40.00 | परिचालित |
| 21 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | सतारा | 6 अगस्त 2014 | 139.33 | 50.00 | 45.00 | परिचालित |
| 22 | पैठन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 8-मार्च-2013 | 124.52 | 48.82 | 43.94 | परिचालित |
| 23 | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | वर्धा | 13-जनवरी-2016 | 92.36 | 50.00 | 15.00 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 24 | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लिमिटेड | मणिपुर | थौबल | 29-जनवरी-2020 | 81.83 | 43.254 | 9.49 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 25 | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एमआईडीसी) | मेघालय | उत्तरी गारो हिल्स | 23-नवंबर-2021 | 65.86 | 48.3 | 5.38 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 26 | ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मिजोरम | कोलासिब | 10-जून-2015 | 75.2 | 50.00 | 44.62 | परिचालित |
| 27 | डॉयसएग्री रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड | नागालैंड | दीमापुर | 16-अगस्त-2017 | 71.79 | 50.00 | 38.78 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | ओडिशा | रायगढ़ | 16-अप्रैल-2012 | 87.88 | 45.94 | 44.95 | परिचालित |
| 29 | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ) | ओडिशा | खोरधा | 6-नवंबर-2015 | 121.95 | 50.00 | 37.8 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 30 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पंजाब | फाजिल्का | 25-मई-2011 | 130.38 | 50.00 | 45.00 | परिचालित |
| ३१ | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड | पंजाब | कपूरथला | 6-नवंबर-2015 | 107.83 | 48.7 | 38.76 | परिचालित |
| 32 | पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएआईसी) | पंजाब | लुधियाना | 27-नवंबर-2015 | 117.61 | 37.73 | 37.62 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 33 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | अजमेर | 19-फरवरी-2014 | 110.35 | 49.88 | 44.9 | परिचालित |
| 34 | श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | बीकानेर | 7-अप्रैल-2022 | 132.81 | 50.00 | 5.71 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 35 | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टीएनएसएएमबी) | तमिलनाडु | तिरुनेलवेली | 23-जून-2021 | 77.024 | 23.64 | 12.21 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 36 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | तेलंगाना | निजामाबाद | 10-जून-2015 | 108.95 | 50.00 | 44.99 | परिचालित |
| 37 | तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (टीएसआईआईसी) | तेलंगाना | खम्माम | 5-फरवरी-2016 | 109.59 | 49.79 | 28.49 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 38 | सिकरिया मेगा फूड पार्क (पी) लिमिटेड | त्रिपुरा | पश्चिमी त्रिपुरा | 30-नवंबर-2011 | 77.79 | 48.39 | 45.00 | परिचालित |
| 39 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | हरिद्वार | 30-मार्च-2009 | 95.08 | 50.00 | 50.00 | परिचालित |
| 40 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 23-जनवरी-2014 | 98.08 | 47.79 | 47.79 | परिचालित |
| 41 | जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | 16-मार्च-2010 | 132.7 | 50.00 | 45.00 | परिचालित |
| | **कुल** | | | | **4635.874** | **1958.534** | **1493.92** | |

*****

**अनुबंध- II**

**दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को उत्तर हेतु “प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 500 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| वित्तीय वर्ष | बजट अनुमान | संशोधित अनुमान | देश में संवितरित धनराशि/वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 57.6 | 54.37 | 52.59 |
| 2022-23 | 55.8 | 24.8 | 22.14 |
| 2023-24 | 54.8 | 20.66 | 20.64 |
| 2024-25 (15.11.2024 तक) | 24.8 | अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी | 8.14 |

******